## योगी आदित्यनाथ/मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

# विकसित भारत के लक्ष्य में यूपी अहम

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य में उत्तर प्रदेश की भूमिका भी महत्वपूर्ण होगी। योगी ने कहा कि वर्ष 2047 तक प्रदेश की अर्थव्यवस्था छह खरब डॉलर की होगी। यह प्रधानमंत्री के विकसित भारत के लक्ष्य में योगदान देगा। उन्होंने कहा कि जब वे सत्ता में आए थे तो उत्तर प्रदेश में महज डेढ़ एक्सप्रेसवे हुआ करता था। एक पूरा और एक अधूरा। आज राज्य के एक्सप्रेसवे में यूपी की हिस्सेदारी 55 फीसदी की हो चुकी है। दो माह में देश का सबसे बड़ा हवाईअड्डा जेवर (नोएडा) में शुरू होने जा रहा है। वर्ष 2017 से पहले राज्य में दो हवाई अड्डे चल रहे थे और दो आंशिक रूप से संचालित थे, आज 16 चालू हैं। सबसे बड़ा रेल और मेट्रो नेटवर्क आज यूपी में हो चुका है।

**बेटियों की सुरक्षा से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं :** मुख्यमंत्री योगी ने सभी सवालों के खुलकर जवाब दिए। बुलडोजर और एनकाउंटर की चर्चाओं पर भी बोले। उन्होंने कहा कि जो लोग व्यवस्था पर बोझ हैं। उन्हें स्वयं के बोझ से भी मुक्त किया जाता है। बेटियों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों का टिकट काटने के लिए अगले चौराहे पर यमराज खड़ा रहता है। आखिरकार लोग न्याय चाहते हैं। उन्होंने कहा कि भारत की सर्वाधिक आबादी वाले राज्य में अब 'एक जिला एक माफिया' नहीं रहा। बल्कि 'एक जिला एक उत्पाद', 'एक जिला एक मेडिकल कॉलेज' वाला राज्य बन गया है।

**2027 में फिर जीतने की तैयारी:** मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के सबसे बड़े राज्य में पांच साल सरकार चलाने के बाद पुनः बहुमत से चुनाव जीतकर उन्हें पहली बार फिर से मुख्यमंत्री बनने का अवसर 2022 में मिला और अब 2027 में जीतने की तैयारी कर रहे हैं।

**जिला मुख्यालय चार लेन से जुड़े:** योगी ने कहा कि अंतरराज्यीय संपर्क बेहतर हुई है। हर जिले को चार लेन की सड़क से जोड़ा जा चुका है। तहसील-ब्लॉक मुख्यालयों को चार और दो लेन से जोड़ा गया है।

**रैपिड रेल और जल परिवहन:** यूपी में पहली रैपिड मेट्रो मेरठ को जोड़ती है जबकि वाराणसी-हल्दिया के बीच जल परिवहन शुरू हुआ है। अगले तीन सालों में राज्य में शहरीकरण तेज होगी। वर्ष 2017 में जब उनकी सरकार सत्ता में आई थी तो 22-23 फीसदी ही शहरीकरण था लेकिन आज यह 26 फीसदी तक पहुंच चुका है। सरकार ने सड़कों का विस्तार किया है। आवासीय सुविधाएं बढ़ाने के लिए एफएआर में छूट दी है। नई आवासीय परियोजनाओं के लिए सुधार किए गए हैं। समस्याओं का समाधान किया है।

**महिलाओं की हिस्सेदारी:** मुख्यमंत्री ने कहा कि आधी आबादी को अधिकार दिलाने के लिए प्रयास किए गए हैं। जन्म से लेकर स्नातक तक लड़कियों की शिक्षा के लिए पैकेज का प्रावधान है। शादी के लिए भी एक लाख रुपये की राशि प्रदान की जाती है। **(वि.सं.)**




**20** लाख करोड़ की योजनाएं यूपी में धरातल पर उतर चुकीं

**55** फीसदी हिस्सेदारी यूपी के एक्सप्रेसवे की हो गई है

■ कहा-यूपी अब 'एक जिला एक माफिया' नहीं रहा, बल्कि 'एक जिला एक उत्पाद', 'एक जिला एक मेडिकल कॉलेज' वाला राज्य बन गया है

नई दिल्ली में शनिवार को हिन्दुस्तान टाइम्स लीडरशिप समिट-2025 में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● संजीव वर्मा